26/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

देशभर में जन्माष्टमी का त्यौहार बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। दुनिया भर के मंदिरों में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए भारी संख्या में जुट रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट में सभी से भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं को अपनाने और देश की प्रगति तथा समृद्धि के लिए काम करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि जन्माष्टमी आध्यात्मिक महत्व का दिन है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में भगवान कृष्ण की शाश्वत शिक्षाओं को प्रतिबिंबित करने और समाज में एकता, शांति और सद्भाव बढाने का आग्रह किया। श्री नरेन्द्र मोदी ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाईक ने जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने भागवत गीता में श्री कृष्ण की शिक्षाओं विशेष रुप से परिणामों की परवाह किए बिना अपने कर्तव्य का पालन करने के सिद्धांतों पर जोर देते हुए सभी को उनके प्रेम, करुणा और बहुलवाद के संदेशों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट में सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए भगवान कृष्ण से लोगों के जीवन में खुशी, समृद्धि और प्रेम लाने के लिए आशीर्वाद मांगा।

00000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल महाराष्ट्र के जलगांव में आयोजित एक समारोह में 11 लाख नई लखपति दीदियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की महिला शक्ति ने हमेशा समाज और देश के भविष्य के निर्माण में योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के लिए उन सभी क्षेत्रों को खोलने की दिशा में काम कर रही है जो कभी उनके लिए प्रतिबंधित थे। श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के अलावा उनकी सुरक्षा देश की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अत्याचार अक्षम्य अपराध है और दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों, स्कूलों, कार्यालयों जैसे सार्वजनिक संस्थानों और पुलिस प्रणाली को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए और द्वारा की गई कोई भी लापरवाही अस्वीकार्य है।श्री मोदी ने कहा कि एक समाज और एक सरकार के रूप में हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी महिलाओं के जीवन और सम्मान की रक्षा होनी चाहिए।

000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न्याय को अधिक से अधिक सरल और स्पष्ट बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रक्रियाएं न्याय को कठिन बना देती हैं।

कल जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि न्याय को सरल और स्पष्ट बनाने की दिशा में देश ने कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि तकनीक हमारी न्याय प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ई-कोर्ट परियोजना इसका सबसे बड़ा उदहारण है। उन्होंने कहा कि आज देश के 18 हजार से अधिक न्यायालय कम्प्युटरीकृत हो चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि इन बदलावों से सामान्य नागरिक को बहुत राहत मिली है। प्रधानमत्री ने इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय के संग्रहालय का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। उन्होंने 'त्वरित' कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया।

0000000000000000000

कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने कल सुबह 15 स्थानों पर छानबीन की। आरजी कर के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष से सीबीआई की एक टीम उनके आवास पर पूछताछ कर रही है । सीबीआई टीम के साथ केंद्रीय टीम और कोलकाता पुलिस भी मौजूद है। नए प्रिंसिपल और नए वाइस प्रिंसिपल से पूछताछ के लिए सीबीआई की एक और टीम आर जी कर कॉलेज में है। इसके अलावा, सीबीआई की टीमें आरजी कर प्रोफेसर डॉ. देबाशीष सोम, पूर्व चिकित्सा अधीक्षक और उप प्राचार्य डॉ. संजय वशिष्ठ और चिकित्सा आपूर्तिकर्ता बिप्लब सिंह से उनके आवास पर पूछताछ कर रही हैं।

0000000000000000000

केंद्र सरकार ने वित्त मंत्रालय से 46 हजार से अधिक रूपये की वित्तीय सहायता देने की दावेदारी करने वाले लिंक को फर्जी बताया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में सूचना औऱ प्रसारण मंत्रालय की फैक्ट चेक इकाई ने फर्जी समाचार का भंडाफोड़ किया है। संदेश प्राप्त करने वालों गुमराह कर एक फर्जी लिंक के जरिए अपनी व्यक्तिगत जानकारी देने को कहा गया।

0000000000000000

सियांग ट्रस्ट द्वारा कल मेबो सब डिवीजन के सेरम गांव में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. कोमलिंग परमे द्वारा किया गया। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्यूटी बोरांग पर्मे, जनरल फिजिसियन डॉ. सैबल भट्टचार्जी और ऑर्थोडॉन्टिस्ट डॉ. डोमिनिक पाव भी उपस्थित थे। शिविर का आयोजन सियांग ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, ग्रूप कप्टान मोहोन्तो पांगिंग पाव और स्थानीय ग्रामीन प्रतिनिधियों के सहयोग से किया गया था। शिविर में पचपन नेत्र और पंद्रह डेंटल मामलों सहित कुल नब्बे मरीजों का नि:शुल्क टेस्ट किया गया और उन्हें दवाइयां प्रदान की गई। 0000000000000000

अपर सुबनसिरी जिले के दुम्पोरिजो के एयरपोर्ट कोलोनी में कल शाम साढ़े चार बजे हुई आग दुर्घटना में कई घर जल कर नष्ट हो गए और करोड़ो की संपत्तियों को नुकसान पहुंचा। आग लगने के कारणों और इससे प्रभावित घरों की सही संख्या अभी तक निर्धारित नहीं की गई, हालांकि घटना से किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

दमकल गाड़ियों और पुलिस टीमों ने साढ़े छह बजे तक आग पर काबू पा लिया। घटना के दौरान आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित सामुदायिक स्वयं सेवकों ने संपत्तियों को खाली कराने और लोगों की आवाजाही का प्रबंधन करने में सहायता की। संपत्ति के नुकसान का आगे का आकलन आज जिला प्रशासन द्वारा किया जाएगा।

0000000000000000